प्रेस नोट
दिनांक 05.07.2025
संपूर्ण समाधान दिवस
जनपद गोण्डा।

जिलाधिकारी गोण्डा व पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील सदर में जनसमस्याओं को सुना गया एवं उनके गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया-

आज दिनांक 05.07.2025 को उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश के क्रम में सदर तहसील गोण्डा में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें जिलाधिकारी गोण्डा श्रीमती नेहा शर्मा, पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल व राजस्व, पुलिस तथा अन्य विभाग के अधिकारी/कर्मचारीगणों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस दौरान अधिकारीगणों द्वारा जनता की जनसमस्याओं को सुना गया तथा समस्याओं के त्वरित एवं गुणवक्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों का शत-प्रतिशत निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। अधिकारीगणों द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस के सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश शासन के दिशा-निर्देशों से अधिकारी एवं कर्मचारीगणों को अवगत कराते हुये प्रार्थना-पत्रों की समयबद्ध जांच, कार्यवाही एवं समस्याओं के निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी नगर प्र0नि0 कोतवली नगर सहित राजस्व व पुलिस के अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें।

मीडिया सेल, गोण्डा।

प्रेस नोट

दिनांक 05.07.2025

पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा मोहर्रम त्योहार के दृष्टिगत थाना कर्नलगंज क्षेत्रान्तर्गत जुलूस मार्गों का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा, सम्बन्धित को दिए गए विस्तृत दिशा-निर्देश

आज दिनांक 05.07.2025 को श्रीमान् पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा आगामी मोहर्रम पर्व को शान्तिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराए जाने हेतु मोहर्रम जुलूस मार्गों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान जुलूस मार्गों की सुरक्षा, साफ-सफाई, यातायात व भीड़ नियंत्रण के व्यापक प्रबंध सुनिश्चित करने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा **ताज़ियादारों से संवाद स्थापित कर** सभी आयोजकों से अपील की कि पर्व को पारंपरिक, शांतिपूर्ण एवं अनुशासित ढंग से मनाएं।

निरीक्षण के दौरान महोदय द्वारा बताय गया कि समस्त जुलूस मार्गों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों की निगरानी हेतु सीसीटीवी कैमरे एवं ड्रोन कैमरों की तैनाती करने तथा सम्पूर्ण ताजिया जुलूस की वीडियोग्राफी कराई जाएगी, जिससे किसी भी अप्रिय घटना की वस्तुस्थिति की निगरानी की जायेगी। जुलूस मार्गों पर आवश्यक स्थानों पर अस्थायी बैरिकेडिंग लगाई जाएगी। संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल, पीएसी, होमगार्ड्स की पर्याप्त तैनाती की गयी है। ताजिया दफन रूट में पड़ने वाले मंदिरों एवं अन्य धार्मिक स्थलों की विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई है। इन स्थानों पर पुलिस बल की अतिरिक्त तैनाती के साथ-साथ स्थानीय प्रबुद्धजनों से समन्वय भी किया गया है, किसी भी प्रकार की नई परंपरा की शुरुआत या जुलूस मार्ग में बदलाव पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। पारंपरिक मार्गों और स्वरूप में ही जुलूस निकाला जाएगा, जुलूस में प्रयुक्त साउंड सिस्टम के लिए पूर्व अनुमति अनिवार्य होगी। ध्वनि की सीमा निर्धारित मानकों के अंतर्गत रखनी होगी। डीजे की ऊंचाई तय मानक से अधिक नहीं होगी तथा अनुमति के बिना उपयोग वर्जित रहेगा, संवेदनशील स्थानों पर लगातार क्यूआरटी भ्रमणशील रहेगी तथा स्थानीय अभिसूचना इकाई व अन्य सूचना तन्त्रो द्वारा लगातार नजर रखी जा रही है। सादे वस्त्रों में भी पुलिसकर्मी एवं महिला पुलिस की संयुक्त टीमों को लगाया गया है। मोहर्रम जुलूस के दौरान यातायात व्यवस्था के लिए प्रमुख स्थानों पर ट्रैफिक पुलिस की तैनाती की जाएगी, किसी भी आपात स्थिति से निपटने हेतु अग्निशमन कर्मियों को अलर्ट मोड में रखा गया है। आग लगने की संभावनाओं वाले क्षेत्रों की पहचान कर विशेष ध्यान रखा जा रहा है। किसी भी प्रकार के भड़काऊ, आपत्तिजनक या सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले पोस्टर, बैनर, स्लोगन आदि का प्रदर्शन या प्रसार पूर्णतः निषिद्ध रहेगा। उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी विधिक कार्रवाई की जाएगी तथा सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार के भड़काऊ, आपत्तिजनक अथवा अफवाह फैलाने वाले पोस्ट/मेसेज की निगरानी हेतु सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल को सक्रिय किया गया है। ऐसे कृत्यों में लिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध आईटी एक्ट व अन्य सुसंगत धाराओं में कठोर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा आमजन से अपील की गयी है कि मोहर्रम के अवसर पर आपसी भाईचारा, सामाजिक सद्भाव एवं शांति बनाए रखें, अफवाहों से दूर रहें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल सूचना पुलिस को दें।

निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री राधेश्याम राय, क्षेत्राधिकारी कर्नलगंज श्री विनय कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक कर्नलगंज व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

मीडिय सेल, गोण्डा।